सोमवार
14 अगस्त, 2023
डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज





एम्स को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने झूठ बोला: तेजस्वी यादव

2



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद से हरी झंडी दिखा हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की, बोले...

# हमें देश के लिए जीने से कोई नहीं रोक सकता

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के 75 साल हो गए। हम देश के लिए मर तो नहीं सकते, क्योंकि देश आजाद हो गया है। लेकिन हमें देश के लिए जीने से कोई नहीं रोक सकता। आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में तिरंगा फहरा कर रैली की शुरूआत की। रैली के दौरान देशभक्ति के रंग बिखरे तो वहीं हर हाथ में तिरंगा नजर आया। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सारे देश के अंदर देशभक्ति का ज्वार खड़ा करने का काम किया है। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगों से अपील भी की।

अहमदाबाद में हर घर तिरंगा अभियान को हरी झंडी दिखाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान पीएम मोदी ने पूरे देश में देशभक्ति की भावना पैदा की है। 15 अगस्त 2023 को आजादी का अमृत महोत्सव समाप्त होगा लेकिन इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा है कि 15 अगस्त 2023 से 15 अगस्त 1947 से तक आजादी का अमृत काल मनाया जाएगा।



अमित शाह ने गुजरात में एक जनसभा को संबोधित करते हुए युवाओं से खास अपील की। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ही नहीं बल्कि सभी देश मिलकर भारत पर हमला करें तो भी वो सफल न हों, ऐसी सुरक्षा करने की जिम्मेदारी युवाओं की है। इस दौरान अमित शाह ने सभी लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराएं। पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, नौ साल में नरेंद्र मोदी ने भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। पीएम ने भारत को 11वें से 5वें स्थान पर ला दिया है।



रविवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनरग स्थित लाल चौक पर निकली तिरंगा यात्रा।

## सोशल मीडिया पर अपनी डीपी तिरंगा झंडा लगाएं: पीएम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लोगों से सोशल मीडिया पर अपनी डीपी बदलकर तिरंगा झंडा लगाने की अपील की है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को ट्वीट कर लोगों से कहा कि देश के साथ अपने रिश्ते को और गहरा करने की दिशा में सहयोग करते हुए यह कदम उठाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर हैंडल से किए गए पोस्ट में उन्होंने कहा, 'हर घर तिरंगा आंदोलन की भावना में, चलें अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डीपी बदलते हैं और देश के साथ अपने रिश्ते को और मजबूत और गहरा करने की दिशा में अपना सहयोग देते हैं। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स फेसबुक और ट्विटर की डीपी बदल दी है। अब उनकी डीपी में तिरंगे झंडे की फोटो लगी है।

## स्वतंत्रता दिवस आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे 1700 विशेष मेहमान

इस बार स्वतंत्रता दिवस पर 1700 खास मेहमान लाल किले पर आयोजित कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि पीएम मोदी के संबोधन को सुनने के लिए आमंत्रित 1,700 खास मेहमानों में जल जीवन मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, अमृत सरोवर योजना और सेंट्रल विस्टा परियोजना जैसे विभिन्न प्रमुख कार्यक्रमों से जुड़े लोग शामिल हैं। वहीं 15 अगस्त पर दिल्ली और आसपास के इलाकों का आसमान प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर और डंबल इंजन की सरकार, दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी और आजादी का अमृत महोत्सव जैसे नारों के प्रिंट वाली पतंगों से गुलजार रहेगा। पुरानी दिल्ली के लाल कुआं और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में लगे पतंगों के बाजार में राजनीतिक शख्सियतों की पतंगें मिल रही हैं। पतंगों में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर के साथ इंडिया गेट, लाल किले और कमल के फूल की तस्वीर है, जिस पर लिखा है- दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी।

# राहुल बोले... आदिवासियों को मिले भूमि और वन संबंधी अधिकार



**एजेंसी/वायनाड**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में आदिवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जनजातीय समुदायों को 'आदिवासी' की जगह 'वनवासी' कहकर उन्हें भूखंडों के मूल स्वामित्व के दर्जे से वंचित करने का आरोप लगाया। वायनाड के सांसद राहुल गांधी ने कुछ दिन पहले राजस्थान में पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए भी यही मामला उठाया था। उन्होंने राजस्थान में कहा था कि बीजेपी जनजातीय समुदायों को आदिवासी की जगह 'वनवासी' कहकर उनका 'अपमान' करती है और उनकी वन भूमि छीनकर उद्योगपतियों को देती है।

राहुल गांधी ने वायनाड जिले में मानंतवाड़ी क्षेत्र के नल्लूरनाड स्थित 'डॉ. अंबेडकर जिला मेमोरियल कैंसर सेंटर' में 'एचटी (हाई टेंशन) कनेक्शन' का उद्घाटन करने के बाद आरोप लगाया कि आदिवासियों को वनवासी कहने के पीछे एक 'विकृत तर्क' दिया जाता है। उन्होंने कहा, 'यह आपको (आदिवासियों को) जमीन के मूल मालिक के अधिकार से वंचित करता है और इसका मकसद आपको जंगल तक ही सीमित रखना है। राहुल गांधी ने कहा, 'इसका मतलब यह है कि आप जंगल से संबंध रखते हैं और आपको जंगल नहीं छोड़ना चाहिए।' कांग्रेस नेता ने कहा कि यह विचारधारा उनके दल को स्वीकार नहीं है, क्योंकि

## आदिवासी ही भूमि के मूल मालिक हैं

राहुल गांधी ने कहा कि चूंकि आदिवासी भूमि के मूल मालिक हैं, उन्हें भूमि और वन संबंधी अधिकार दिए जाने चाहिए और 'वे जो चाहें, उन्हें वह करने की कल्पना करने की अनुमति दी जानी चाहिए।' उन्होंने कहा कि इन समुदायों को शिक्षा, नौकरियों, पेशों वगैरह में वे सभी अवसर दिए जाने चाहिए, जो देश में हरेक को दिए जाते हैं। राहुल गांधी ने कहा, 'आपको सीमित या वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए। पूरा ग्रह आपके लिए खुला होना चाहिए।' राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासी शब्द का अर्थ 'एक विशेष ज्ञान, जिस पृथ्वी पर हम रहते हैं उसके पर्यावरण की समझ और ग्रह के साथ संबंध से है। उन्होंने कहा कि आधुनिक समाज की ओर से जंगलों को जलाए जाने और प्रदूषण फैलाने के बाद 'पर्यावरण' और 'पर्यावरण संरक्षण' शब्द अब प्रचलित हो गए हैं, लेकिन आदिवासी पर्यावरण संरक्षण की बात हजारों साल से करते आ रहे हैं, 'इसलिए हमें आपसे बहुत कुछ सीखना है।'

वनवासी शब्द जनजातीय समुदायों के इतिहास और परंपराओं को 'तोड़-मरोड़कर पेश' करता है और यह देश के साथ उनके रिश्ते पर एक 'हमला' है। उन्होंने कहा, 'हमारे (कांग्रेस के) लिए आप आदिवासी हैं, भूमि के मूल मालिक हैं।'

# केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य प्रणाली को बीमार बना दिया है: खरगे

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए रविवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने देश की स्वास्थ्य प्रणाली को बीमार बना दिया है और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे अस्पताल भी चिकित्सकों एवं अन्य कर्मियों की कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। खरगे के आरोप पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने पलटवार करते हुए खंडन किया। कांग्रेस प्रमुख ने यह भी दावा किया कि लोग अब जाग गए हैं और मोदी सरकार की विदाई का समय अब आ गया है। खरगे के ट्वीट के जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन के दौरान केवल एक एम्स खोला गया था, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 15 एम्स खोले जा रहे हैं।

# पांच राज्यों में पीएफआई के ठिकानों पर एनआईए का छापा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को पांच राज्यों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े परिसरों में छापेमारी की और तलाशी ली। एजेंसी ने कहा कि इस दौरान उसने कई आपत्तिजनक डिजिटल उपकरणों के साथ दस्तावेज भी जब्त किए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उसने केर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और बिहार राज्यों के कन्नूर, मल्लपुरम, दक्षिण कन्नड़, नासिक, कोल्हापुर, मुर्शिदाबाद और कटिहार जिलों में कुल 14 स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए ने कहा भारत में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की पीएफआई की साजिश का पता लगाने के उद्देश्य से



छापेमारी की गई और कई आपत्तिजनक डिटिजल उपकरों के साथ दस्तावेज भी बरामद हुए।

उन्होंने कहा, एनआईए आतंकवाद, हिंसा और तोड़फोड़ के कृत्यों के जरिए 2047 तक भारत में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने के लिए एक सशस्त्र कैडर बनाने और पीएफआई सेना बनाने के पीएफआई और उसके शीर्ष नेतृत्व के प्रयासों को उजागर करने और विफल करने के लिए काम कर रही है।

एनआईए प्रवक्ता ने कहा, पीएफआई समाज के कुछ वर्गों के खिलाफ लड़कर अपने हिंसक भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें हथियार प्रशिक्षण प्रदान करने की साजिश रच रहा है। एजेंसी को शक है कि पीएफआई के कई मध्यम स्तर के एजेंट मास्टर ट्रेनर के रूप में काम कर रहे हैं और अपने अत्यधिक कट्टरपंथी कैडरों के लिए विभिन्न राज्यों में हथियार प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर रहे हैं।'






दरभंगा में प्रस्तावित एम्स को लेकर डिप्टी सीएम और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री आमने-सामने

# एम्स को लेकर पीएम ने झूठ बोला: तेजस्वी

# जगह दें एम्स बनाने को तैयार हैं: मंडाविया

♦ तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर लिखा कि बिहार सरकार ने एम्स के लिए निःशुल्क 151 एकड़ जमीन केंद्र को दी लेकिन केंद्र ने निर्माण को स्वीकृति नहीं दी





**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के दरभंगा में एम्स बनाया जाना है लेकिन जमीन को लेकर मामला फंसा है। कुछ दिनों पहले ही केंद्र ने बिहार सरकार को पत्र लिखकर यह बताया था कि जो जमीन राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई है वो एम्स निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं है। अब एक बार फिर एम्स को लेकर बवाल छिड़ गया है। शनिवार को डिप्टी सीएम सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने ट्वीट किया तो केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने उनके ट्वीट का जवाब दे दिया। दरअसल, तेजस्वी यादव ने शनिवार को ट्वीट कर लिखा- आज प्रधानमंत्री जी दरभंगा में एम्स खुलवाने का झूठा श्रेय ले रहे थे. वस्तुस्थिति ये है कि बिहार सरकार ने निःशुल्क 151 एकड़ जमीन केंद्र को इसकी स्थापना के लिए दिया है और साथ ही 250 करोड़ से अधिक मिट्टी भराई के लिए आवंटित किया, लेकिन दुर्भाग्यवश राजनीति करते हुए केंद्र ने प्रस्तावित एम्स के निर्माण को स्वीकृति नहीं दी। प्रधानमंत्री से देश कम से कम सत्य और तथ्य की अपेक्षा करता है लेकिन उन्होंने सफेद झूठ बोला।

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने जवाब के साथ क्या कहा?** तेजस्वी यादव के इस ट्वीट पर जवाब देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि मोदी सरकार विकास में राजनीति नहीं करती बल्कि विकास की राजनीति करती है। हमारी नीयत साफ है। एम्स दरभंगा की अनुमति मोदी सरकार ने 19 सितंबर 2020 को दी थी और बिहार सरकार ने 3 नवंबर 2021 को पहली जमीन दी। इसके बाद आप सरकार में आए और राजनीति करते हुए 30 अप्रैल 2023 को यह जगह बदल दी। मनसुख मंडाविया ने कहा कि नियमों के अनुसार जमीन की जांच करने के लिए एक्सपर्ट कमेटी ने जमीन को इंस्पेक्ट किया। 26 मई 2023 को भारत सरकार ने उपलब्ध करवाई गई दूसरी जमीन एम्स निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं है ऐसा लेटर बिहार सरकार को भेजा था जो इसके साथ शामिल है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने तेजस्वी से पूछा कि आप ही बताएं जमीन को क्यों बदला गया? किसके हित में बदला गया? बिहार की विधानसभा में आपके ही विधायक ने एम्स के लिए दी गई अनुपयुक्त जमीन के लिए क्या कहा था? राजनीति से बाहर आएं और एम्स बनाने के लिए तत्काल उचित जगह दें। हम बिहार में एम्स बनाने के लिए तैयार हैं।

## नित्यानंद बोले... नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव दरभंगा में एम्स के निर्माण में लगा रहे अडंगा

दरभंगा एम्स के निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान के बाद बिहार में सियासी संग्राम छिड़ गया है। बीजेपी के नेता इसको लेकर जहां महागठबंधन की सरकार पर हमलावर हो गये हैं, वहीं महागठबंधन सरकार के मंत्री केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की मंशा पर सवाल उठा रहे हैं। इस बीच पटना पहुंचे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बिहार के स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव दरभंगा में एम्स के निर्माण में अडंगा लगा रहे हैं। दरभंगा में एम्स के निर्माण को लेकर सरकार की नियत साफ नहीं है, लेकिन बीजेपी मिथिला के लोगों के साथ किसी भी कीमत पर गद्दारी नहीं होने देगी। दरभंगा में एम्स बनकर रहेगा। इसके लिए बीजेपी को जो कुछ करना पड़ेगा करेगी और सरकार की जो मंशा है उसे किसी भी कीमत पर पूरा नहीं होने दिया जाएगा। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव दरभंगा में बनने वाले एम्स को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। जब स्वीकृति मिलने के बाद वहां कार्य प्रारंभ हो गया तो उसके ऊपर फिर से विचार क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने दरभंगा में एम्स में निर्माण को लेकर जब घोषणा की थी, तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी की खूब सराहना की थी। कई साल बीत गये लेकिन बिहार की सरकार एम्स के निर्माण में बार-बार अडंगा लगा रही है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव आज जो आरोप लगा रहे हैं, खुद 6 विभागों के मालिक बनकर बैठे हैं। तेजस्वी यादव के पास स्वास्थ्य विभाग भी है। दरभंगा में एम्स के निर्माण को लेकर सरकार की नियत में खोंट है।

**चयनित जमीन में ऐसा क्या है जो वहां निर्माण नहीं हो सकता: मंत्री** इसबीच, जदयू नेता और बिहार के जल संसाधन मंत्री संजय झा ने ट्वीट कर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से पूछा है कि आखिर दरभंगा की चयनित जमीन में ऐसा क्या है जो वहां एम्स का निर्माण नहीं हो सकता। संजय झा ने लिखा है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने पुनः बताया है कि दरभंगा में बिहार सरकार द्वारा दी गई परती भूमि एम्स निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं है। जरा राजनीति को परे रख कर सोचिएगा, आपकी इस बात पर कौन यकीन करेगा।

# बीजेपी ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन... कहा- बिहार में समाप्त हो चुकी है कानून व्यवस्था

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार की घटनाओं के बढ़ने का आरोप लगाते हुए बिहार भाजपा ने रविवार को राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अरलेकर को ज्ञापन सौंपा। बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार चौधरी ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर कहा कि बिहार में नीतीश-तेजस्वी के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार विगत एक वर्ष से सत्ता पर काबिज है। यह एक वर्ष बिहार के लिए काला अध्याय साबित हुआ है। राज्य में कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से समाप्त हो चुकी है। राज्य में लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का काम किया जा रहा है। बिहार में प्रशासनिक अराजकता है। जंगलराज के द्वार पर खड़े बिहार में सैंकड़ो हत्याएं हो रही हैं। अकेले पटना में एक महीने में 30 हत्याएं हुई हैं। बिहार भाजपा ने नीतीश सरकर पर तुष्टिकरण की राजनीति करने के आरोप लगाया है। हर प्रकार की मांग उठाने वालों पर लाठीचार्च किया जा रहा है। बिहार भाजपा ने राज्यपाल से मांग की है कि बिहार में बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार, अराजकता, धार्मिक उन्माद के प्रति कठोर कार्रवाई हो।

## मोतिहारी में फिर एक मुखिया को मिली जान से मारने की धमकी

**मोतिहारी।** मोतिहारी में बेखौफ बदमाशों की धमकी से जिले भर के मुखिया परेशान हैं। किसी को रंगदारी देने के लिए फोन आ रहा तो किसी को जान से मारने की धमकी दी जा रही। बदमाशों द्वारा मुखिया को धमकाने के लिए पहले फोन किया जा रहा, फिर व्हाट्सएप पर मैसेज कर धमकी दी जा रही। अब तक कई मुखिया को रंगदारी के लिए या जान से मारने की धमकी भरा फोन आ चुका है। अब पीपरा थाना क्षेत्र के जमुनिया पंचायत के मुखिया को जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़ित मुखिया ने पुलिस से जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

मेडिकल क्षेत्र में रोजगार का सुनहरा ऑफर
विश्वामित्र हॉस्पीटल
गोलम्बर बक्सर
रिक्त पद
(Vacancy)
Date of interview
10/08/2023 to 14/08/2023
✓ Reception-2 post
✓ Medical salesman-2post
✓ Manager-2post. qualification MBA
✓ Computer knowledge compulsory
✓ Lab technician-1post (Qualification-DMLT)
Note - Salary in 5 digit
DR. Rajiv Kumar Jha
Vishwamitra Hospital Golamber, Buxar
Director



## बक्सर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए बाहुबली नेता

# पूर्व सांसद आनंद मोहन के सामने ही भिड़ गए समर्थक, हुई हाथापाई

- बक्सर में फ्रेंड्स ऑफ आनंद व चंद्रशेखर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित समारोह में हुआ हंगामा
- डुमरांव अनुमंडल कार्यालय परिसर में महाराजा कमल सिंह की प्रतिमा के अनावरण के सवाल पर हुई भिड़ंत



**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार के बक्सर में आनंद मोहन के कार्यक्रम में समर्थकों के बीच झड़प हो गई। पूर्व बाहुबली सांसद के सामने ही उनके समर्थकों के दो गुट आपस में भिड़ गए। नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। वहीं पूर्व सांसद और उनकी पत्नी लवली आनंद मंच पर बैठे रहे। लोगों द्वारा उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन वे तबतक शांत नहीं हुए जबतक मीडियाकर्मियों ने उनका वीडियो बनाना शुरू नहीं किया।

जानकारी के अनुसार सम्मान समारोह के दौरान एक वक्ता डुमरांव अनुमंडल कार्यालय परिसर में महाराजा बहादुर कमल सिंह की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से करवाने की गुहार आनंद मोहन से लगा रहे थे। इसी दौरान मंच के सामने बैठे किसी ने कहा दिया कि इस मुद्दे को यहां उठाने से बेहतर है कि आपके गांव के ही



जदयू के पूर्व अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह है उनके सामने उठाया जाए। इस बात का विरोध उसके बगल में बैठे दूसरे व्यक्ति ने किया। इसी बात को ले दोनों के बीच हाथापाई तक हो गई। वही आनंद मोहन व लवली आनंद इस दौरान मंच से ही यह तमाशा देख रहे थे।

### शाहाबाद की धरती से मिलती रही है ऊर्जा : आनंद मोहन

शाहाबाद वीरों व बलिदानियों की धरती रही है। यहां आने पर नई उर्जा मिलती है। बाबू वीर कुंवर सिंह की वीरता हमे प्रेरणा देती है। उक्त बातें पूर्व सांसद व बिहार के बाहुबली नेता कहे जाने वाले आनंद मोहन ने रविवार को बक्सर के रामलीला मंच से कही। वे यहां फ्रेंड्स ऑफ आनंद व चंद्रशेखर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह सह जन संवाद कार्यक्रम में आए थे। उन्होंने कहा कि 16 वर्षों बाद जेल से छूटा हूं। इस दौरान राजनीति बहुत बदल गई है लेकिन लोगों का जो प्यार दुलार मेरे प्रति है, मैं इसका कायल हूं। आनंद मोहन ने कहा कि वे यहां सिर्फ राजनीति साधने नहीं बल्कि अपने पुराने मित्रों व शुभचिंतकों से मिलने तथा उन्हें धन्यवाद देने आए है।

## सुमित्रा महिला कॉलेज की छात्राओं ने निकाली तिरंगा रैली



**डुमरांव।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। रविवार को छुट्टी के बावजूद अधिकांश स्कूल कॉलेजों के एनसीसी व एनएसएस के छात्र व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागी स्कूल पहुंचे तथा परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का फाइनल रिहर्सल किया। वहीं सुमित्रा कॉलेज की छात्राओं ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस को उल्लासपूर्वक मनाने को लेकर रविवार को डुमरांव में तिरंगा रैली निकाल कर शहरवासियों को आजादी के महापर्व हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं की रैली शहर के शिवपुरी, चाणक्यपुरी, ढेलवानी, पुराना थाना और स्टेशन रोड होते हुए कॉलेज परिसर पहुंचा। इस दौरान छात्राएं आजादी का जश्न मनायेंगे-हर घर तिरंगा फहराएंगे का गगनभेदी नारे लगा रही थी। तिरंगा रैली को कॉलेज की प्राचार्या डॉ शोभा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## नवविवाहिता ने फांसी लगा दी जान मां ने दहेज हत्या का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/नावानगर**

आपसी विवाद से तंग आकर कंजिया डेरा गांव में एक नवविवाहिता की फांसी लगाकर खुदकुशी करने का मामला प्रकाश में आया है। मृतिका गांव के मनु बिंद की पत्नी राधिका कुमारी बताई जाती है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया है। इधर मृतिका की मां राजिया देवी ने सिकरौल थाना में अपनी पुत्री की हत्या करने की आरोप लगाते हुए पति मनु बिंद पर नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार राधिका कुमारी की शादी एक साल पूर्व कंजिया गांव के राम किशन बिंद के पुत्र मनु बिंद के साथ हुई थी। शनिवार को किसी बात को लेकर पति पत्नी में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद पति कहीं चला गया। शाम को जब वह घर आया तो देखा पत्नी की कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़ा गया तो राधिका छत की कुंडी से फांसी लगाकर लटकी हुई थी।

## झारखंड पुलिस ने गबन के आरोपी दंपति के घर चस्पाया इश्तेहार

**नावानगर।** झारखंड के सरायकेला थाना से पहुंची पुलिस की टीम ने सोनवर्षा ओपी के सहयोग से लोकपुर गांव के वांछित अपराधी के घर पर इश्तहार चिपकाया है। पुलिस टीम के एसआई दुर्गा तिर्की ने बताया कि लोकपुर गांव के सुनिल कुमार पांडेय पिता रामाकांत पाण्डेय व विनीता देवी पति सुनील पांडेय एक मामले में फरार चल रहे हैं। सरायकेला जिला के आर आई टी थाना ने वर्ष 2021 में राशि गबन व धोखाधड़ी को लेकर प्राथमिकी हुई थी। जिसमें दोनों वांछित प्राथमिकी अभियुक्त बनाए गए हैं।

## खुलासा... पट्टीदारों ने नहीं ससुराल वालों ने ही की थी चंद्रजीत की हत्या

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय थाना के परमानपुर गांव निवासी चंद्रजीत साह की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत मामला में नया मोड़ सामने आया है। इस घटना में पुलिस ने मृतक की पत्नी कुमकुम देवी व ससुर बड़क साह को दोषी मानते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि इस घटना में मृतक की मां ने एक दिन पूर्व अपने पट्टीदारों पर हत्या का आरोप लगाते हुए नौ लोगों के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बता दें कि चंद्रजीत साह की संदेहास्पद स्थिति में मौत तीन दिन पूर्व इलाज के दौरान हुई थी। जिसके बाद नावानगर पुलिस ने मृतक की पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट अभी पुलिस को नहीं मिली है। इसके बावजूद पुलिस ने अपने अनुसंधान में मृतक की पत्नी व ससुर को हत्यारोपित करार देते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पूछे जाने पर डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि अनुसंधान में दोनों दोषी पाए गए हैं। जिसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी हुई है।

## बॉलीवुड कोना

# सिनेमा में भी खूब बरसा है सावन

सावन बारिश का महीना है–बसाहद सावन। यानी, बारिश की हद होती है। खूब बरसता है। बारिश तो अन्य महीनों में भी होती है,



**पंकज भारद्वाज**
लेखक

लेकिन सावन कुछ अलहदा बरसता है। नस–नस में रिस जाता है। पोर–पोर में उतर जाता है। सावनी फुहार पाते ही धरती पर पड़े सारे बीज अंखुआने लगते हैं। बीज ही नहीं अंखुआते, प्रेम भी अंखुआने लगता है। सावन का जो रिश्ता बारिश से है, वही रिश्ता प्रेम से है। एक–दूजे में गुंथे दोनों को अलग करना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है। इस धरती का कौन अभागा नहीं चाहेगा कि उसके जीवन में सावन आए। दरअसल, सावन हमारी जिंदगी को सराबोर कर देता है। नई उम्मीदों से। नई खुशियों से। नये रंगों से। नई ऊर्जा से। नये नजारों से। यह जितना बाहर बरसता है, उससे तनिक कम अंदर नहीं बरसता। इंसान की जिंदगी में इंद्रधनुषी रंग भरने वाला सावन। शायद इसीलिए सिनेमा के कैनवास पर भी खूब बरसा है। रियल लाइफ से कम रील लाइफ में नहीं बरसा है सावन। फिल्मकारों के लिए प्रिय विषय रहा है। सूटेबल भी और सेलेबल भी। नतीजा, बॉलीवुड में कई फिल्में बनी सावन पर। बारिश पर। कई फिल्मों में कालजयी गीत रचे गए। यह सिलसिला आज भी जारी है। कहें तो सिनेमा को सावन सूट करता है।

सिनेमाई दुनिया में सावन की सबसे पहली दस्तक 1944 में सुनाई पड़ती है। फिल्म का नाम था रतन। गीतकार दीनानाथ मधोक ने इसमें सावन पर एक गीत लिखा–रूमझुम बरसे बदरवा मस्त हवाएं आई/पिया घर आजा... इसके संगीत निर्देशक थे नौषाद। यह नौषाद का पहला हिट गीत माना जाता है। इसके बाद तो सावन और सिनेमा सहचर हो गए। ढेर सारी फिल्मों का ताना–बाना सावन के इर्द–गिर्द बुना गया। सावन नाम से 1945 में पहली फिल्म बनी। इसमें मोतीलाल और शांता आप्टे ने काम किया था। वहीं इसी नाम से दूसरी फिल्म बनी 1959 में, जिसमें भारतभूषण और अमिता लीड रोल में थे। इसके पहले 1949 में किशोर साहू सावन आया रे नाम से फिल्म बना चुके थे। 1966 में सावन की घटा नामक फिल्म आई। 1969 में धर्मेंद्र और आशा पारिख अभिनीत आया सावन झूम के जबर्दस्त हिट हुई। 1970 में आई रेखा की पहली फिल्म सावन भादो, जिसने सिनेमा की दुनिया में रेखा की पहचान गढ़ी। 1979 में प्रदर्शित हुई बॉलीवुड की ब्यूटी क्वीन श्रीदेवी की पहली फिल्म–सोलहवां सावन। फिर 1981 में प्यासा सावन और 1989 में प्यार का पहला सावन नाम से फिल्में बनी। प्यासा सावन का गीत–मेघा रे मेघा रे मत, परदेश जा रे काफी पॉपुलर हुआ था। 1991 में प्यार का सावन और आग लगा दो सावन को नाम से दो फिल्में प्रदर्शित हुई। ये तो हुई सावन नाम से बनी कुछ फिल्मों की बात। इसके अलावा दूसरे नाम से भी कई ऐसी फिल्में बनी, जिनमें सावन या बारिश पर गीत फिल्माए गए और सुपरहिट हुए। हिंदी फिल्मों के शो मैन राजकपूर ने तो अपनी कई फिल्मों में बारिश के साथ सुंदर और सफल प्रयोग किया। 1949 में बरसात नाम से फिल्म बनाई, जिसने कामयाबी के कीर्तिमान गढ़े। 1955 में नरगिस के साथ उनकी फिल्म श्री 420 का बारिश में फिल्माया गया गीत प्यार हुआ इकरार हुआ हिंदी फिल्मों का कालजयी गीत माना जाता है।

1957 में देवानंद और वहीदा रहमान अभिनीत मदर इंडिया का गीत–हो सावन का संदेशा लेकर निकली अपनी घर से/जो कोई इसके प्यार को तरसे वहीं नवेली बरसे, या 1960



में प्रदशित फिल्म काला बाजार में शैलेंद्र का रचा गीत रिमझिम के तराने ले के आई बरसात, आज भी गाहे–ब–गाहे सुनने को मिल जाता है।

1960 में ही भारत भूषण और मधुबाला को लेकर बनाई गई बरसात की रात काफी हिट रही। 1967 में बनी मिलन फिल्म का गीत–सावन का महीना पवन करे शोर किसने नहीं सुना। धर्मेंद्र की फिल्म मेरा गांव मेरा देश का गीत कुछ कहता है ये सावन, क्या कहता है और चुपके–चुपके फिल्म का गीत अब के सजन सावन में काफी हिट हुआ था। मनोज कुमार अभिनीत फिल्म शोर में भी सावन को कायदे से फिल्माया गया। इसका एक गीत काफी मशहूर हुआ–पानी रे पानी तेरा रंग कैसा। 1979 में आई फिल्म मंजिल का गीत रिमझिम गिरे सावन सुलग सुलग जाए मन आज भी उतना ही असरदार है। धर्मेंद्र और राखी की फिल्म जीवन–मृत्यु में आनंद बख्शी का यह गीत तो आज भी हर प्रेमी जोड़े की आंखों में मचलती उम्मीद है–झिलमिल सितारों का आंगन होगा/रिमझिम बरसता सावन होगा। 1974 में आई राजेश खन्ना की फिल्म रोटी कपड़ा और मकान का वह पॉपुलर गीत जिसे भींगती हुई जीनत अमान पर फिल्माया गया था–हाय–हाय ये मजबूरी, ये मौसम और ये दूरी...। 1982 में आई फिल्म नमकहलाल में अमिताभ बच्चन और स्मिता पाटिल पर बारिश में फिल्माया गया गीत आज रपट जाए तो हमें ना उठइयो खूब देखा–सुना गया। साहित्यिक रचनाओं पर भी कुछ फिल्में बनी, जिनमें बारिश और सावन को यादगार तरीके से फिल्माया गया। ऐसी ही एक फिल्म है–दो बीघा जमीन। नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की बांग्ला रचना दुइ बीघा जोमी की कहानी को लेकर विमल राय ने यह फिल्म बनाई थी। हिंदी साहित्याकाष के दैदीप्यमान नक्षत्र प्रेमचंद की कृति गोदान पर बनी फिल्म में भी सावन का उल्लास अपने पूरे रंग में दिखता है–पूरबा के झोंकवा ने लायो रे संदेशवा कि चल आज देशवा की ओर।

सावन बहुतों के लिए उल्लास लेकर आता है, तो कुछ के लिए अजीब–सी तड़प भी। प्रेम में पगी विरहिनी का नायक जब गांव–घर नहीं लौटता तो, सावन उसे तनिक नहीं सुहाता। जलाने लगता है। काटने दौड़ता है। जिंदगी में सावन के इस पक्ष को भी केंद्र में रखकर कई गीत रचे गए, जो आज भी सुने जाते हैं। इनमें एक गीत प्रमुख है–अजहू न आए बालम, सावन बीता जाए। हसरत जयपुरी का रचा यह गीत आज भी सावन में विरह की आग में जल रही किसी नायिका के दर्द का मुकम्मल दस्तावेज है। 1955 में आई फिल्म आजाद में भी एक ऐसा ही गीत था–जा रे जा रे ओ कारी बदरिया/मत बरसो रे मेरी नगरिया...। लता मंगेशकर का गाया यह गीत विरह वेदना झेल रही स्त्री के दिल की दास्तान–सा लगता है। लब्बोलुआब यह कि सावन के हर पक्ष को लेकर सिनेमा बने। गीत बने। अब भी बन रहे हैं। सिर्फ इसलिए कि दर्षक पसंद करते हैं। यकीनन, जलती हुई आंखों को सुकून देता है बरसता सावन। चाहे वह जिंदगी में बरसे या सिनेमा में।




# लैंगिक असमानता मिटाने के साथ महिलाओं को सशक्त बनाएगा डीएचईडब्ल्यू

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले की महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। सरकार महिलाओं को सशक्त और समर्थ बनाने की दिशा में नई पहल शुरू की है। इस क्रम में मिशन शक्ति योजना के सामर्थ्य उप-योजना के अंतर्गत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन (डीएचईडब्ल्यू) की शुरूआत की जा रही है। जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा 14 अगस्त को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में किया जाएगा। डीएचईडब्ल्यू का उद्देश्य सूचना प्रसार एवं इससे संबंधित सेवाओं का लाभ उठाने के लिए विभिन्न संस्थागत तथा योजनाबद्ध व्यवस्था तक महिलाओं की पहुंच को सुगम बनाना है। जिसमें स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कैरियर एवं व्यावसायिक परामर्श/प्रशिक्षण,



वित्तीय समावेशन, उद्यमिता, बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज, श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा तथा डिजिटल साक्षरता इत्यादि शामिल हैं।

**महिलाओं को उनका हक दिलाएगी डीएचईडब्ल्यू :** आईसीडीएस की डीपीओ रंजना कुमरी ने कहा कि कई बार पात्र महिलाएं जानकारी के अभाव में कई योजनाओं का लाभ नहीं ले पाती हैं। ऐसे में डीएचईडब्ल्यू उन महिलाओं को उनका हक दिलाएगी। डीपीओ ने बताया कि डीएचईडब्ल्यू महिलाओं को उनके सशक्तिकरण एवं विकास के लिए विभिन्न संस्थागत और योजनाबद्ध ढांचे में निर्देशित मार्गदर्शन के लिए कार्य करेगी, जिसमें महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य सेवा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं व्यावसायिक परामर्श, प्रशिक्षण, उदयमिता विकास इत्यादि शामिल है। साथ ही, इसके माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। जिसमें विभिन्न महिला केंद्रित योजनाएं, घरेलू हिंसा, दहेज निषेध, बाल विवाह, अनैतिक व्यापार, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, महिला एवं बाल अधिकार तथा महिला सशक्तिकरण शामिल हैं।

### महिलाओं के लिए सभी विषयों पर किया जाएगा कार्य

डीएचईडब्ल्यू योजना का कार्य जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के अधीन मुख्यत जिला मिशन समन्वयक एवं लैंगिक विशेषज्ञ के माध्यम से किया जायेगा। इसके माध्यम से समाज में फैले लैंगिक असमानता को दूर करने के साथ-साथ महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। यहां सभी सम्बंधित विभागों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्यमिता विकास/श्रम संसाधन, पंचायती राज, गृह विभाग के साथ समन्वय कर महिलाओं के लिए जिले के सभी विषयों पर कार्य किया जाएगा। साथ ही, इसके लिए बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ योजना के तहत पूरे राज्य में आयोजित किये जाने वाले गतिविधियों का एक यूनिफार्म कैलेंडर तैयार किया जा रहा है। जिसके माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।




## कोरानसराय थाना के सामने राजवाहा मार्ग पर मिली सफलता

# पांच कॉर्टन शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, कार और बाइक जब्त

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय पुलिस ने शराब तस्करों के मंसूबो पर पानी फेरते हुए शराब लदी एक स्वीफ्ट डिजायर कार तथा एक पल्सर बाइक के साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि अंधेरे का फायदा उठा तीन तस्कर भागने में सफल रहे। जिनकी पहचान कर पुलिस गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

जानकारी के अनुसार कोरानसराय पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर शराब की एक बड़ी खेप लेकर इलाके से गुजरने वाले हैं। इस सूचना पर पुलिस ने थाना के सामने राजवाहा मार्ग पर दखिनांव मोड़ के पास अपना जाल बिछाया। सुबह करीब 3 बजे डुमरांव की तरफ से एक पल्सर बाइक आते दिखाई दी। जो शराब तस्करों के आगे आगे लाईनर की भूमिका में चल रहा था। पुलिस ने जब अचानक सड़क पर आ उसे रूकने का इशारा किया तो वह बाइक छोड़ खेत के रास्ते भाग निकला। थोड़ी देर बाद ही उसके पीछे



से एक स्वीफ्ट डिजायर कार आती दिखाई दी। पुलिस को देखते ही कार से दो तस्कर कूद कर भाग निकले जबकि पुलिस ने चालक को पकड़ लिया और तलाशी ली तो कार के डिक्की में छिपाकर रखा गया पांच कॉर्टन में 8 पीएम ब्रांड का कुल 240 फ्रुटी पैक शराब बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। चालक की पहचान कोरानसराय के दिनेश साह पिता अजय साह के रूप में हुई है। वहीं जब्त पल्सर बाइक इसी थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव के एक कुख्यात शराब तस्कर की है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि फरार तीनों तस्करों की पहचान कर ली गई है। उनके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वही पुलिस ने स्वीफ्ट डिजायर कार व पल्सर बाइक को जब्त कर लिया है।

## बिजली चोरी में पांच के खिलाफ दर्ज हुआ एफआईआर

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरक गांव में बिजली कंपनी की टीम ने छापेमारी किया। इस दौरान पांच लोगों को घरेलू परिसर में अवैध रूप से बिजली की चोरी करते पकड़ा। इनके खिलाफ स्थानीय थाना में विद्युत अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराते हुए जुर्माना लगाया गया है। एफआईआर चक्की जेई के बयान पर दर्ज कराई गई है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिकी में बिजली कंपनी द्वारा आरोप लगया गया है कि अरक में पांच लोग अवैध रूप से बिजली की चोरी कर रहे थे। जेई अमित कुमार के बयान पर सियाराम चौधरी, मिथिलेश सिंह, श्रीभगवान सिंह व एक महिला सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार व लचर व्यवस्था के खिलाफ निकाला पदयात्रा

**डुमरांव।** स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार, मरीजों का शोषण, लचर व्यवस्था, सरकारी तथा निजी अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ रविवार को टुड़ीगंज से कृष्णाब्रह्म तक पदयात्रा निकाला गया। पदायात्रा के अंत में एसडीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। यह पदयात्रा आरटीआई कार्यकर्ता हरेकृष्ण यादव के नेतृत्व में निकाला गया। हरेकृष्ण ने अपने संबोधन में कहा कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी हो गई है। सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों व कर्मियों की मनमानी चरम है। कोई अपनी ड्यूटि करने को तैयार नहीं है। वहीं निजी अस्पताल लूट मचा कर रखे हैं। जिले में अवैध तरीके से अल्ट्रा साउंड का संचालन कर नियम विरूद्ध भ्रूण परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में लिंगानुपात दिन प्रतिदिन घटते जा रहा है। अल्ट्रासाउंड की आड़ में लिंग परीक्षण कर गभार्पात तक करवाया जा रहा है। जिसका प्रमाण जिले का घटता लिंगानुपात है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में प्रति एक हजार बच्चों पर 932 लड़कियों का जन्म हुआ था। जबकि 2022 में घटकर मात्र 788 हो गया है।






### भोजपुर में कालाजार से बचाव के लिए प्रभावित इलाकों में चलेगा अभियान

# 17 अगस्त से शुरू होगा दवाओं का छिड़काव

**केटी न्यूज/आरा**

■ बरसात में उमस और गर्मी के बीच बढ़ जाता है कालाजार का खतरा अधिक, लक्षण दिखने पर तत्काल कराएं जांच



जिले में कालाजार उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है। जिसके तहत वर्ष में दो बार कालाजार प्रभावित इलाकों में सिंथेटिक पैराथायराइड (एसपी) पाउडर का छिड़काव भी कराया जाता है। ताकि, कालाजार के प्रभाव से दूसरे लोगों को बचाया जा सके। इसके लिए जिले के प्रभावित इलाकों क्रमवार में 17 अगस्त से दवाओं का छिड़काव शुरू किया जाएगा। कालाजार एक खतरनाक एवं जानलेवा बीमारी है। बरसात में उमस और गर्मी के बीच इसका खतरा अधिक बढ़ जाता है। कालाजार लिसमैनिया डोनोवाणी नामक परजीवी से होता है। जिसका प्रसार संक्रमित बालू मक्खी द्वारा होता है। संक्रमित मरीज को काटने के बाद यदि बालू मक्खी किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो परजीवी स्वस्थ व्यक्ति के अंदर प्रवेश कर जाता है। इस प्रकार यह रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैलता है। इस बीमारी में दो हफ्तों से ज्यादा बुखार रहता है।

#### मरीज के खाते में भेजी जाती है क्षतिपूर्ति राशि

कालाजार से पीड़ित मरीज को 7100 रुपये श्रम क्षतिपूर्ति राशि दी जाती है। यह राशि नए मरीजों को दी जाती है। साथ ही, प्रशिक्षित आशा के द्वारा मरीजों को चिह्नित करने व नजदीक के पीएचसी तक लाने एवं उनका ठीक होने तक ख्याल रखने पर प्रति मरीज 600 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। यह राशि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की तरफ से दी जाती है। इसमें मरीजों के लिए 6600 रुपये और आशा के लिए 100 रुपये की राशि मुख्यमंत्री कालाजार राहत अभियान के अंतर्गत दी जाती है। वहीं प्रति मरीज एवं आशा को 500 रुपये भारत सरकार की तरफ से दिया जाता है। ग्रामीण चिकत्सकों द्वारा मरीजों के रेफर करने और उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने की स्थिति में उन्हें 500 रुपए दिए जाते हैं।

**लक्षण दिखने पर कराएं जांच :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया, कालाजार में मरीज को बार-बार बुखार आने लगता है। इसलिए इसके लक्षणों की पहचान बेहतद जरूरी है। यदि समय पर इसका इलाज शुरू नहीं किया तो मरीज की जान भी जा सकती है। इस बीमारी में बुखार के साथ भूख में कमी, वजन का घटना, थकान महसूस होना, पेट का बढ़ जाना आदि इसके लक्षण के रूप में दिखाई देने लगते हैं। ऐसे व्यक्ति को तुरंत नजदीक के अस्पताल में जाकर अपनी जांच करवानी चाहिए। साथ ही, इससे ग्रस्त मरीज खासकर गोरे व्यक्तियों के हाथ, पैर, पेट और चेहरे का रंग भूरा हो जाता है। ऐसे में जब किसी में लगातार बुखार के लक्षण दिखाई दें, तो वो तत्काल जाकर उसकी जांच कराएं।

**कम रोशनी और नमी वाले स्थानों पर रहती है बालू मक्खी :** डॉ. सिन्हा ने बताया, मिट्टी और बिना प्लास्टर के घरों में स्थित दरारों में बालू मक्खी के छिपने की संभावना अधिक रहती है। अमूमन बालू मक्खी कम रोशनी और नमी वाले स्थानों पर रहती है। जैसे घरों की दीवारों की दरारों, चूहों के बिल तथा ऐसे मिट्टी के टीले जहां ज्यादा जैविक तत्व और उच्च भूमिगत जल स्तर हो। ऐसे स्थान उनको पनपने में लिए बेहतर माहौल देते हैं। उन्होंने बताया यह मक्खी उड़ने में कमजोर जीव है, जो केवल जमीन से 6 फुट की ऊंचाई तक ही फुदक सकती है।

## चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**जहानाबाद।** जिले के टेहटा ओपी की पुलिस ने सेरथुआ मोड़ के समीप से 220 पल्सर के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर थाने लाया। पूछताछ के बाद युवक ने अपना नाम अजीत कुमार पिता पुजारी यादव ग्राम दाउदपुर टेहटा ओपी बताया कि पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि जिस गाड़ी से वह घूम रहा है, वो चोरी की है। जानकारी देते हुए ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश ने बताया कि सेरथुआ मोड़ के समीप से गुप्त सूचना के आधार पर युवक को गिरफ्तार किया गया था। साथ ही, उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला के पल्सर 220 औरंगाबाद जिले के देव थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी जिसका स्थानीय थाने में प्राथमिक की भी दर्ज किया हुआ है। वहीं, पूछताछ के बाद बाइक चोर युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से तात्पर्य है आत्मनिर्भर भारत का निर्माण: कुलपति

**जहानाबाद।** मगध विवि की अंगीभूत इकाई एसएन सिन्हा कॉलेज में स्वतंत्रता संग्राम में भारत बोध विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शशि प्रताप शाही ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत बोध की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। दरअसल नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है। इसी को ध्यान में रखते हुए महामहिम कुलाधिपति द्वारा चार वर्षीय सीबीसी लागू करने का निर्णय किया गया और हमें पूरी तन्मयता के साथ इसे सफल बनाना है।



एसएन सिन्हा कॉलेज एवं संस्कार भारती द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. शाही ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम अन्य विभागों के द्वारा भी आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने हर माह ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन पर बल देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम महाविद्यालय को जीवंत बनाए रखते हैं। कुलपति ने महाविद्यालय के प्राचार्य को सत्येंद्र बाबू की आदमकद प्रतिमा लगाने का निर्देश दिया।

## वाणावर के लिए शुरू होगा बस का परिचालन

**जहानाबाद।** विधायक सतीश कुमार की पहल पर अब वाणावर के लिए होगा बस का परिचालन, जहानाबाद भाया मखदुमपुर वाणावर चलेगा बस जिला परिवहन पदाधिकारी जहानाबाद ने पत्र लिखकर क्षेत्रीय प्रबंधक बिहार राज पथ परिवहन निगम गया से अभिलंब बस परिचालन प्रारंभ करने की मांग की है। मखदुमपुर के विधायक ने जीला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक में विधायक द्वारा वाणावर पर्यटक स्थल तक यात्री बस की परिचालन की आवश्यकता बताई गई थी, इसके बाद विभाग ने इसे प्राथमिकता देते हुए इस पर काम शुरू कर दिया है। ऐतिहासिक वाणावर पहाड़ स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर है। जहां प्रत्येक वर्ष पूरे राज्य से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। वहीं प्राकृतिक छटाओं से परिपूर्ण बराबर पहाड़ स्थित मानव निर्मित गुफा भी है।







GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL RUPSAGAR
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in



# आजादी के किस्से: जब छपरा-बनारस रेलखंड पर सेनानियों ने कर लिया था कब्जा

**तिलक कुमार/बलिया**

ब्रिटिश सरकार की पुलिस के दमन और अत्याचार के बाद भी बलिया की जनता ने यह तय कर लिया था कि ब्रिटिश सरकार को बलिया से उखाड़ फेंकना है। इतिहासकार डॉ.शिवकुमार सिंह कौशिकेय बताते हैं कि 14 अगस्त 1942 को चितबड़ागांव में भोजदत्त यादव और माधव सिंह बरहजिया के नेतृत्व में जनता ने डाकघर पर धावा बोलकर सारे अभिलेख और रोकड़ पर अधिकार कर लिया तथा स्वायत सरकार की स्थापना करके डाकघर के संचालन के लिए जगन्नाथ तिवारी को आजाद भारत का डाकपाल बना दिया।




डॉ.कौशिकेय ने बताया कि सोहांव से राम नगीना राय सैकड़ों युवाओं के साथ चितबड़ागांव पहुंचे। इन लोगों ने चितबड़ागाव, ताजपुर और फेफना सहित आस-पास के गावों की जनता के साथ मिलकर पूरी रात मेहनत करके रेलवे के सिग्नल, टेलीफोन लाइनो को काट दिया। जगह-जगह रेल पटरियां उखाड़ दी। बिल्थरारोड में इलाहाबाद-वाराणसी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने पूरी एक ट्रेन पर ही कब्जा करके उसका नाम ह्यआजाद हिन्द ट्रेनह्ल रख दिया था। यह ट्रेन 8 बजे सुबह बिल्थरारोड स्टेशन पर पहुंची।

डॉ.कौशिकेय ने कहा कि इस ट्रेन पर सवार एक क्रांतिकारी छात्रा ने ललकारा-अंग्रेजी राज खत्म हो गया है, यहां से दक्षिण के सारे स्टेशन फूंक दिए गए है, यहां के लोग मर्द नहीं मालूम देते अच्छा होता, हिम्मत नहीं है तो चूड़ियां पहन लो। क्रांतिकारी युवाओं की यह ट्रेन आगे की ओर अलख जगाने बढ़ गयी। उस क्रांतिकारी छात्रा की ललकार ने छात्र नेता पारसनाथ मिश्र को झकझोर दिया, उन्होंने डीएवी स्कूल के छात्रों को साथ लेकर जूलूस निकाला रेलवे स्टेशन, मालगोदाम, पानीटंकी डाकघर फूंक दिया। तभी चीनी ले जा रही एक मालगाड़ी यहां पहुंची उसकी सारी चीनी लूट कर उसे भी आग लगा दी गयी। सबसे अहम बात यह रही की चीनी को तो लोग लूट कर घर ले गए लेकिन नोटो को तिजोरी से निकालने के बाद आग में डालकर जला दिया। इस कांड को अंजाम देने वालों में देवनाथ उपाध्याय प्रधानाचार्य डीएवी, डा. हरचरण लाल, सरजू राम, सुदेश्वर लाल, ऋषि तिवारी, चन्द्रदीप सिंह, चन्द्रमा यादव, जगन्नाथ पाण्डेय, प्यारे मोहन लाल, बासुदेव सिंह, माधव सिंह, लाल जी दूबे तथा श्रीकान्त ने उल्लेखनीय योगदान दिया। इनके साथ हजारों की भीड़ भी थी। ये सभी लोग वंदेमातरम, भारतमाता की जय और इन्कलाब जिन्दाबाद के नारे लगा रहे थे।

डॉ.कौशिकेय ने बताया कि सिकन्दरपुर के चेतन किशोर निवासी राम नगीना राय छोटे स्कूली बच्चों के जूलूस के साथ मिडिल स्कूल सिकन्दरपुर पहुंचे, बच्चे हाथों में तिरंगा लिए आजादी गीत गा-गाकर लोगों को जूलूस में शामिल होने के लिए खींच रहे थे, मिडिल स्कूल से जब बच्चे कस्बे की ओर बढ़े तब थानेदार अशफाक अहमद ने ब्रिटिश साम्राज्य के प्रति अपनी स्वान स्वामी भक्ति दिखाते हुए, बच्चों के जूलूस पर घोड़ा दौड़ाने लगा जिससे दर्जनो बच्चों के हाथ पैर कुचल कर टूट गए। घायल होकर गिरे नन्हें-मुन्हें बच्चों पर भी यह दरिंदा घोड़े घुमाता रहा। अन्त में रामनगीना राय को गिरफ्तार कर बलिया जेल भेज दिया। आज कटरिया के जंगल में 250 से अधिक क्रांतिकारी कार्यकत्ताओं ने बैठक करके आगे की रणनीति बनाई, जिला मुख्यालय से मात्र 5 किमी की दूरी पर हुई, इस बैठक की भनक भी प्रशासन को नहीं लगने पाई।

## परिवहन मंत्री ने की नगर के सभी सेनानियों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, कहा-

# अमर सेनानियों का योगदान भूलाना असंभव

**केटी न्यूज/बलिया**

स्वतंत्रता दिवस के पहले प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने नगर के प्रमुख चौराहों पर लगे अमर सेनानियों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया। उन्होंने सभी सेनानियों को नमन करते हुए उनकी कृतियों को स्मरण किया। मंत्री दयाशंकर सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू कार्यक्रम के संयोजक जिला मंत्री अरुण सिंह बंटू ने टीडी कालेज चौराहे पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम दहिन ओझा जी को नमन करते हुए उनकी प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई एवं माल्यार्पण किया।





इसी क्रम में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, चौक स्थित 1942 की क्रांति का साक्षी रहे शहीद पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, वीरवर बाबू कुंवर सिंह जी, ओक्डेनगंज स्थित उमाशंकर सेनानी व कदम चौराहा स्थित अमर शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा की साफ-सफाई कर उन्हें नमन किया। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अगस्त क्रांति में बलिया ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। पूरे देश जिन तीन जिलों को पहले आजादी हासिल हुई उसमे उत्तर प्रदेश का बागी बलिया, महाराष्ट्र का सतारा तथा बंगाल का मिदनापुर आज भी इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। ऐसे क्रांतिकारियों व अमर सेनानियों के योगदान को भूलाना असंभव है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इसमें प्रधानमंत्री ने पूरे देशवासियों से हर घर तिरंगा लगाने की अपील की है जिसे सफल बनाकर हमें सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करनी है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की सोनी तिवारी, नीतू तिवारी, पीयूष चौबे, सियाराम यादव, देवनारायण सिंह पुना आदि मौजूद रहे।

**परिषदीय स्कूलों में अमृत महोत्सव के कार्यक्रम :** जिले के सभी विकासखंड के प्रत्येक विद्यालयों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की गई। भोजन में पूड़ी, सब्जी, सेवई, खीर, हलुआ आदि दिया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ रंगोली, निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। रैलियां भी निकल गई।

**खुले रहे परिषदीय विद्यालय, हुए विभिन्न कार्यक्रम :** प्रदेश भर में चल रहे 'हर घर तिरंगा व मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत रविवार को जिले के सभी परिषदीय विद्यालय खुले और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के जीवन पर आधारित भाषण, कविता, गायन व निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रत्येक विद्यालय में रैली का आयोजन किया गया। बच्चों एवम अध्यापकों द्वारा आजादी में अपने प्राण न्योछावर करने वाले महापुरषों को याद किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बीईओ बेलहरी राजीव कुमार गंगवार ने बताया कि नौ से 15 अगस्त के बीच चल रहे उत्सवों में 13 अगस्त (रविवार) को प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए जनपद के सभी स्कूल खुले रहे। सभी स्कूलों में कविता, गायन व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण माहौल में प्रतिभाग किया।

## खतरे के निशान से उपर बह रही है घाघरा

**बलिया।** तुतीर्पार में घाघरा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। घाघरा की उफनती लहरों से तटीय इलाकों के ग्रामीणों में दहशत की स्थिति है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार घाघरा 4/5 घंटे में प्रति सेमी. की रफ्तार से बढ़ रही है। रविवार को घाघरा खतरे के निशान से 550 सेमी अधिक उपर बह रहा था। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार नदी के जल स्तर में 4/5 घंटे प्रति सेमी की रफ्तार से बढ़ाव जारी है। शनिवार को तुतीर्पार डीएसपी हेड पर घाघरा का जलस्तर 64.560 मी. नोट किया गया। यह जल स्तर खतरे के निशान 64.010 मी. से 550 सेमी अधिक है। नदी का जलस्तर बढ़ने से तटीय इलाकों तुतीर्पार का पूर्वी टोला, बहाटपुर, टंगुनिया, नारा पार, खैराखास, मझवलिया, बेल्थरा बाजार, सहियां के ग्रामीणों की बेचैनी बढ़ गई है। नदी के गांव के मुहाने तक पहुंचने से उनकी रातों की नींद उड़ गई है। ग्रामीण अपने पालतू पशुओं व शौच को लेकर काफी परेशान नजर आए। इस सम्बन्ध में तुतीर्पार निवासिनी गोबरी साहनी का कहना था कि लगातार पानी बढ़ने से घाघरा नदी का जल गांव के मुहाने तक पहुंच गया है। पानी बढ़ने से सबसे ज्यादा परेशानी यह है कि हमारे शौचालय पानी में डूब जाते हैं। चारों तरफ पानी ही पानी होने के चलते संडास की बहुत दिक्कत होती है।

## एक नजर

### शिक्षा से ही सकती है समाज की तरक्की



**बलिया।** पढ़े बेटियां-बढ़े बेटियां, हर घर शिक्षा अभियान के अंतर्गत मिलान फाउंडेशन के द्वारा शैक्षिक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन ग्रामसभा बहेरी में रविवार को किया गया। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए रफत अली व उनकी टीम को मुख्य अतिथि एआईएमआईएम के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान द्वारा माल्यार्पण किया गया व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व प्रत्याशी व उत्तर प्रदेश की एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि बगैर शिक्षा के किसी भी समाज की तरक्की नहीं हो सकती। गरीब हो चाहे अमीर हो सबको पढ़ने लिखने का अधिकार है, परिवार और समाज के विकास के लिए बेटियों का शिक्षित होना बेहद जरूरी है, बेटी अगर शिक्षित होती है तो अपने आने वाली नस्लों को जरूर शिक्षित करती है। इस अवसर पर जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बहेरी मकसूद खान, मोहम्मद समीउल्लाह, ग्राम पंचायत सदस्य इम्तियाज अहमद, आबिदा बेगम, अलीशा सिद्दीकी, आरजू परवीन, उमरा खातून, नाजिया खान, रवीना खातून, नेहा खातून, बुशरा परवीन, आंचल गुप्ता, आरजू खान सहित बड़ी तादाद में महिलाएं व बच्चियों शामिल रही।

### पुलिस दंपति ने खून देकर बचाई सत्येंद्र की जान



**बलिया।** साइबर सेल के प्रभारी संजय शुक्ल और उनकी पत्नी विनीता शुक्ला ने जिला अस्पताल में किडनी फेल सत्येंद्र यादव को ब्लड डोनेट कर इंसानियत की मिसाल पेश की, जिसकी सराहना करने के लिए पुलिस अधीक्षक एस आनंद और अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी स्वयं जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर दंपत्ति का हौसला अफजाई किया। पुलिस महकमे के लिए सहायता सहयोग और सुरक्षा के स्लोगन के सत्य साबित करते हुए दंपत्ति के इस सराहनीय कार्य की पूरे शहर में चर्चा हो रही है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पूर पकड़ी निवासी सत्येंद्र यादव का दोनों किडनी फेल होने के बाद उनकी पत्नी रीना यादव ने सोशल मीडिया पर गुहार लगाई थी कि उसके पति को खून की जरूरत है, यदि समय से नहीं मिलेगा तो उसके पति की जान भी जा सकती है। वैसे पूरे नगर में सैकड़ों एनजीओ संचालित हो रहे हैं जो समय–समय पर जिला अस्पताल में ब्लड डोनेशन का कैंप का आयोजन करते रहते हैं। लेकिन जब सत्येंद्र यादव को जरूरत पड़ी तो किसी एनजीओ या समाजसेवी ने सामने आना मुनासिब नहीं समझा। इसबीच साइबर सेल प्रभारी को यह सूचना मिली कि किसी शख्स का किडनी फेल है और उन्हें तत्काल दो यूनिट ब्लड की जरूरत है। तभी साइबर सेल प्रभारी और उनकी पत्नी ने ब्लड देने का बीड़ा उठाया। इसके बाद जिला अस्पताल पहुंचकर पति–पत्नी ने ब्लड बैंक में खून देकर मानवता की मिसाल पेश की ।






## भारत विभाजन की पूर्व संध्या पर भाजपा के जिलाध्यक्ष ने की भर्त्सना

# विभाजन का दिन सच्चे भारतीयों के संघर्ष व बलिदान की याद दिलाता है: जिलाध्यक्ष

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भारत विभाजन के पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि 14 अगस्त 1947 को हुए देश के विभाजन विभीषिका का दंश भी प्रत्येक भारतीय को व्यथित करता है। देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भारत के इतिहास में बंटवारे का वह दिन काला दिवस था। जिसमें सिर्फ भारत का भौगोलिक बंटवारा ही नहीं, बल्कि भूगोल के साथ-साथ समाज, संस्कृति, सभ्यता और तो और दिलों का भी बंटवारा हो गया। यहां नफरत की आग में फैली हिंसा ने लाखों लोगों को अपने ही घरों में विस्थापित किया था। इस दौरान लाखों की जान चली गई। आजादी के इतिहास का आपसी एकता, अखंडता का स्वर्णिम अध्याय उस दिन कलंकित हुआ।



भानु प्रताप सिंह ने कहा कि विभाजन का दर्द और उस दौरान हुई हिंसा देश के मानस पटल पर आज भी गहराई से अंकित है। हमें इसे याद रखने की जरूरत भी है, क्योंकि यह दिन सच्चे भारत के लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। इस दिन हमारे लाखों भाई-बहन विस्थापित हुए। जिन्हें विभाजन के दौरान यातना पूर्ण व्यवहार और हिंसा का नंग्न तांडव सहना पड़ा है। 30 दिसंबर 1906 को घोर सांप्रदायिक संगठन मुस्लिम लीग के गठन का उद्देश्य ही देश का विभाजन एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं का विरोध रहा, जो 1939 में व्यापक दंगा करवाया। 1940 के लाहौर मुस्लिम लीग सम्मेलन में दो राष्ट्रों के सिद्धांत का प्रतिपादन किया गया, वहां मुस्लिम लीग के नेताओं ने विभाजन की आग को हवा दी, जहां से दंगा, हत्या, लूट, आतंक और दुराचार का दौर शुरू हुआ और फूट डालो राज करो जो अंग्रेजों की मन्सा थी वह पूरी हुई। उन्होंने कहा कि देश का विभाजन हो गया। अखंड राष्ट्र की खंडित हो रही स्वतंत्रता जब सामने थी इस समय देश के पूर्वी और पश्चिमी सीमाओं पर प्रचंड नरसंहार चल रहा था। लाहौर पठानकोट, बंगाल से सामान्य, संपन्न और समृद्ध परिवार भारत में प्रवेश को बाध्य थे उन्हें प्राणों तथा मां-बहन बेटियों के मयार्दा का भय था, शरणार्थी बनने की मजबूरी थी।

## भाजपा का तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

**गाजीपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन को लेकर भाजपा द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कि अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय पर बैठक हुई। जिसे संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर आज से भाजपा कार्यकताओं द्वारा महापुरुषों की स्मारकों तथा प्रतिमाओं कि साफ सफाई के साथ साथ अपने अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाया जाएगा तथा विभाजन विभीषिका दिवस 14 अगस्त को मौन जुलूस तथा कचहरी में विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। 14 एवं 15 अगस्त दो दिनों में युवा मोर्चा द्वारा जिले के प्रत्येक विधानसभा में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

## आठ बाइक जब्त कर कार्रवाई में जुटी दो थाने की पुलिस

**चंदौली।** बीती रात पुलिस ने आठ बाइक जब्त की। हालांकि पुलिस को देख बदमाश फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस बाइक के आधार पर कार्रवाई में जुटी है। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली कि झांसी गांव के पश्चिम तरफ नहर के किनारे एक बगीचे में कुछ बदमाश किसी अपराध को अंजाम देने के लिए एकत्रित्र हुए है। सूचना पर सदर कोतवाली प्रभारी राजीव कुमार सिंह तत्काल अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और बबुरी थाने को भी अवगत कराया। जिसके बाद दोनों थानों की टीम मौके पर पहुंची और घेरेबंदी की। घेराबंदी कर पुलिस पुलिया के पास पहुंची की दूर से ही बदमाशों ने पुलिस की आहट सुनकर मौके पर अपनी बाइक छोड़ भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण सफलता हाथ नही लगी। पुलिस ने मौके पर मौजूद आठ बाइक जब्त किया। सदर कोतवाल राजीव कुमार ने बताया कि बाइक्स को कब्जे में कर कार्रवाई की जा रही है।

## गंगा में कूदे युवक का शव हुआ बरामद

**चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के पलिया के रहने वाले 33 वर्षीय युवक कन्हैया यादव का शव दूसरे दिन करण्डा थाना क्षेत्र में पाया गया। ग्रामीणों ने शव को गंगा किनारे लगा पाया। पुलिस केवल खानापूर्ति करती रही। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पलिया गांव के रहने कन्हैया यादव पुत्र स्व. रामगति यादव शनिवार की दोपहर में अपने स्कूटी से तीरगांवा सैदपुर पुल पर पहुचा। वहां अपनी स्कूटी खड़ा कर इधर उधर देखा। फिर गंगा में छलांग लगा लिया। आने जाने वाले राहगीर यह देख चिल्लाने लगे। मौके पर सैदपुर जनपद गाजीपुर की पुलिस पहुंचकर गोताखोरों के माध्यम युवक को खोजने में लग गये। परिजनों के अनुसार इधर कई दिनों से कन्हैया घर पर ही था जो काफी डिस्टर्ब था। दूसरे दिन पुलिस निष्क्रिय हो गयी। प्रधान प्रतिनिधि अतुल सिंह प्रिंस के साथ ग्रामीणों ने स्टीमर लेकर सैदपुर घाट से होते हुए किनारे किनारे युवक के शव की तलाश करते रहे। इस दौरान एक भी पुलिस कर्मी मौजूद नही थे। गाजीपुर के करण्डा थाना क्षेत्र के करण्डा में ही गंगा किनारे युवक का शव ग्रामीणों ने बरामद किया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रधान प्रतिनिधि अतुल सिंह ने बताया कि पुलिस ने महज कोरम पूरा किया था। नही तो शव और पहले बरामद हो गया होता। इसमे ग्रामीणों व परिजनों को परेशान होना पड़ा।

स्वतंत्रता दिवस पर सभी जिलेवासियों व पदाधिकारियों को शुभकामनाएं
दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी
डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक

## आंदोलन को विधि विरुद्ध तरीकों से कुचलना चाहता है प्रशासन: झन्मेजय

**चंदौली।** न्यायालय मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष झन्मेजय सिंह ने कहा कि प्रशासन अपनी नाकामी छुपाने के लिए आंदोलन को विधि विरुद्ध तरीकों तरीके से कुचलना चाहता है। आरोप लगाया कि मेरे ऊपर फर्जी मुकदमा करने का भी प्रयास किया जा रहा है। मेरे व मेरे परिवार की जान को खतरा है। मेरे या मेरे परिवार के साथ कुछ भी होता है तो इसके लिए सीधे जिम्मेदार सांसद और विधायक होंगे। उन्होंने रविवार को डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार में प्रेस वार्ता के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन ने एक महीने का समय देकर धरना और प्रदर्शन स्थगित किया था। जनरल बॉडी की मीटिंग में यह कहा गया कि अगर संघर्ष समिति या कोई अधिवक्ता इस दौरान अपना आंदोलन शांति पूर्वक सांकेतिक रूप से चलाना



चाहता है, तो उसको मना नहीं किया जाएगा, क्योंकि संघर्ष समिति ने हर बार आंदोलन किया है। और हर बार उसे झूठा आश्वासन देकर के धोखा दिया गया है। संघर्ष समिति एक महीने तक संकेतिक धरना संवैधानिक तरीके से बिना लाउडस्पीकर का प्रयोग किए बिना कोई हो हल्ला किए संविधान से प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत चला रही थी। कहा कि आगामी 6 सितंबर को वह पैदल चंदौली से चलकर दिल्ली जाएंगे और अपने जनपद की पीड़ा को माननीय प्रधानमंत्री से बताएंगे। इससे जनपद का विकास सुनिश्चित हो सके।

## सब्जियों की टोकरी में रखी शराब की खेप जब्त

**चंदौली।** सैयदराजा पुलिस ने नौबतपुर के समीप से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर वाहन चेकिंग के दौरान रविवार की सुबह मैजिक में सब्जी की टोकरियों में छिपाकर बिहार ले जा रहे शराब की खेप बरामद की। इस दौरान एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब की कीमत साढ़े पांच लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने शराब बरामद कर तस्कर के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। सैयदराजा थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग से शराब तस्करी कर बिहार ले जाया जाएगा। इस सूचना के बाद चेकिंग अभियान शुरू की गई। चेकिंग के दौरान मैजिक वाहन से सब्जियों की आड़ में छुपाकर ले जा रहे अंग्रेजी शराब तथा बीयर बरामद किया गया। वहीं एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नरायन यादव निवासी ग्राम कुरई थाना मोहनिया जिला कैमूर भभुआ का चालान किया गया है।

# शराब के अंतिम पैग के लिए कर दी बेटे की हत्या, आरोपी पिता गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में शनिवार की देर रात दिलशादपुर गांव में की गई ग्राम प्रधान पति शैलेंद्र सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। साथ ही हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि शैलेंद्र सिंह की हत्या उसके पिता वशिष्ठ नरायण सिंह ने की थी। वह भी शराब की अंतिम पैग के लिए।

थानाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने बताया की पूछताछ के दौरान आरोपी पिता वशिष्ठ नारायण सिंह ने अपना जुर्म कबूल किया। बताया कि शनिवार की रात मैं और मेरा पुत्र शैलेंद्र सिंह परसा तिराहीपुर मार्ग स्थित अपने ट्यूबेल पर एक साथ बैठ कर शराब पी रहे थे।



इस दौरान शराब की अंतिम पैग पीने के लिए हम दोनों में बहस शुरू हो गई। हम दोनों की बहस इतना बढ़ गई की गुस्से में मैं अपने पुत्र के सर पर वहां रखे फावड़े से हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बरेसर थानाध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों द्वारा शनिवार को दिए हुए तहरीर के आधार पर आरोपी वशिष्ठ नारायण सिंह पुत्र सदान्नद सिंह को उसके घर से गिरफ्तार कर उसके मु.अ.सं 94/2023 धारा 304 के तहत कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया गया है। बता दें कि शनिवार की देर रात्रि प्रधानपति शैलेंद्र सिंह को उसके ट्यूबवेल पर पिता वशिष्ठ नरायण सिंह फावड़े से हमला कर हत्या कर दी।

कुमार अर्थोपैडिक मल्टी स्पेस्लिटी क्लिनिक
डा. बीरेन्द्र कुमार
अर्थोपैडिक सर्जन
एमबीबीएस, डी.अर्थो पीएमसीएच
एफआईएमएस (युके)
चिकित्सा पदा. अनुमंडलीय अस्पताल, डुमरांव
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा रविशंकर कुमार
एमबीबीएस, एमडी स्कीन
एक्स रेजिडेंस आईजीआईएस, पटना
चर्म रोग विशेषज्ञ
चर्म रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार
मोबाईलः- 9122226720
पता- सुमित्रा कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमरांव

ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्॥
सावन महीने के पावन अवसर पर सभी शिवभक्तों एवं कांवरियों को
श्री भवानी ईंट उद्योग
की तरफ से
हार्दिक शुभकामनाएं।
सत्य शिव हैं, अनंत शिव हैं
अनादि शिव हैं, ओंकार शिव हैं
शिव ही ब्रह्म, शिव ही शक्ति हैं।
प्रो. विभोर कुमार द्विवेदी
खण्डरीचा सिकरौल, बक्सर
श्री भवानी ईंट उद्योग
नावानगर-अतिमी रोड़, नावानगर बक्सर
Mob- 9570400500

Integrated Township at Bihta Patna
Yellow City
आपका निवेश हमारा साथ
सावन के पावन महीने में येलो सिटी की तरफ से पटना में जमीन खरीद की इच्छा रखने वालों के लिए सुनहरा ऑफर
बिहटा एयरपोर्ट से मात्र 4 KM
आईआईटी कैम्पस से 2 KM
ऑफर 800 रूपया प्रति स्क्वायर फीट
50 बीघा में प्लाटिंग 25 फीट का रास्ता
5 कट्ठा, 12 कट्ठा व 15 कट्ठा का ही प्लाट
60 माह की आसान किस्तों पर
25,000 हजार प्रतिमाह की किस्त
लोकेशन
अमहारा गांव
बिहटा (पटना)
बुकिंग 10 फीसदी, पोजिशन 40 फीसदी व रजिस्ट्री 100 फीसदी पर
मोबाईल नम्बर : +91 6202869902

## पूर्व कैबिनेट मंत्री भाजपा में शामिल होने के बाद पहुंचे मऊ

# कांग्रेस द्वारा विभाजन स्वीकार करना दुर्भाग्यपूर्ण घटना: दारा सिंह चौहान

**केटी न्यूज/मऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे दारा सिंह चौहान का भाजपा में सम्मिलित होने के बाद जनपद कार्यालय पर प्रथम आगमन हुआ। पूर्व मंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार के सुशासन के बल पर आम जनमानस में काफी सकारात्मक संदेश जा रहा है। आज पूरे देश का वंचित समाज का भरोसा मोदी और योगी जी के सरकार में विश्वास व्यक्त कर रहा है यह भाजपा सरकार का इकबाल बुलंद करता है। आज पिछड़े और वंचितों की भागीदारी और सम्मान भाजपा सरकार में ही सुरक्षित है। भाजपा सरकार की योजनाओं में कोई भेद नहीं होता है, हर नागरिक हमारा है और हम उसके हैं। आज देश में



पिछड़ों और वंचितों का सम्मान भाजपा ने बढ़ाने का कार्य किया है।

पूर्व मंत्री ने विभाजन विभीषिका की याद में कहा की 14 अगस्त को भाजपा द्वारा कई कार्यक्रम होना प्रस्तावित है। विभाजन विभीषिका पर पूर्व मंत्री ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की 14 अगस्त को भाजपा कार्यकर्ता जनपद कार्यालय से ब्रह्मस्थान स्थित मद्धेशिया धर्मशाला तक मौन जुलूस निकालेंगे तथा विभीषिका से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही संगोष्ठी में हिस्सा लेंगे। देश के बंटवारे के दर्द को कभी बुलाया नहीं जा सकता है। 14 अगस्त भारतीय इतिहास का ऐसा दुर्भाग्यशाली दिन था जिस दिन भारत के भूगोल समाज संस्कृति सभी का बंटवारा हो गया। जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस द्वारा विभाजन स्वीकार करना एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। भारत विभाजन के परिणाम स्वरूप लाखों लोग मारे गए डेढ़ करोड़ से अधिक लोग बेघर हुए एक लाख से अधिक महिलाओं के साथ अनाचार हुआ। नेहरू ने मात्र प्रधानमंत्री की कुर्सी पाने के लिए न केवल देश के टुकड़े करवाए बल्कि लाखों लोगों के खून से भारत भूमि को नहला दिया घृणा का जो बीज उस समय बोया गया उन्हें पूर्णतया नष्ट करने के लिए आने वाली कई पीढियां को मिलकर प्रयास करना होगा। अंग्रेजों के उत्तराधिकारी होने के कारण कांग्रेसी ये गलतफहमी पाले हुए थे कि जब अंग्रेज विदेशी होते हुए भी दो समूह को एक दूसरे से लड़ा कर 200 साल तक राज कर सकते हैं तो हम स्वदेशी होते हुए 2000 साल तक राज क्यों नहीं कर सकते।

## 15 अगस्त के अवसर पर क्रॉस कंट्री रेस का होगा आयोजन

**मऊ।** जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया कि 15 अगस्त, 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर जिला खेल कार्यलय, मऊ द्वारा प्रात: 10:15 बजे झण्डारोहण किया जायेगा। तत्पष्चात जिला स्तरीय ओपेन पुरूष /महिला क्रास कन्ट्री रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उक्त प्रतियोगिता पुलिस लाईन से प्रात:11:30 बजे से प्रारम्भ होकर गाजीपुर तिराहा होते हुए बाईपास के रास्ते भीटी के होते हुए स्पोर्ट्स स्टेडियम में समाप्त होगी। उक्त प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग के पुरूष/ महिला प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकते है। प्रतियोगिता में दोनों वर्गों में 01 से 06 स्थान तक आने वाले विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

## 27 अगस्त को श्रावणी पूजा मनाने को लेकर तय की गई रणनीति

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर में रविवार को जायसवाल समाज के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में समाज के लोगों द्वारा यह विचार विमर्श किया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावणी पूजा मनाने को लेकर रणनीति तय की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष प्रेमचंद जायसवाल मास्टर साहब ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि 27 अगस्त ग्राम सुरहूरपुर स्थित जीएस प्लाजा में जायसवाल समाज के लोगों द्वारा कुल देवता की पूजन के पश्चात समाज के लोग तरावड़ी पूजा का कार्यक्रम मनाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ विद्युत विजय जायसवाल देवरिया एवं भारतीय स्टेट



बैंक के शाखा प्रबंधक अभिषेक जायसवाल तथा जायसवाल समाज के युवा जिला अध्यक्ष प्रतीक जायसवाल एवं वरिष्ठ पत्रकार राम जायसवाल इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिसको लेकर एक रणनीति तय की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हम सब समाज के लोग समाज के उत्थान एवं गरीब दलित तथा दिव्यांग की सेवा करते हुए समाज में एक नई दिशा देने का काम करेंगे।

## पीएचसी पर जन आरोग्य मेले का आयोजन

**मऊ।** शासन के निर्देश पर प्रत्येक ब्लाक के पीएचसी पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। यह मेला सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करहां समेत चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवाएं देते हुए कुल 194 मरीज का परीक्षण कर उन्हें मुफ्त दवाई दी गई। मौके पर डॉ. संजय चौहान, डॉ. बलवंत कुमार, डॉ. बृजलाल, डॉ. नदी मोहम्मद, डॉ. जावेद अहमद, फार्मासिस्ट सूबेदार सरोज समेत स्वास्थ्य विभाग के कर्मी का विशेष योगदान रहा। मेले के दौरान अस्पताल के अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार चंद्रा ने विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर मरीज का हाल जाना तथा उनको स्वास्थ्य से संबंधित टीकाकरण एवं विभिन्न जानलेवा बीमारियों के रोकथाम हेतु मरीजों को जागरूक किया।








